सेवा में,

प्राचार्य

चमनलाल महाविद्यालय (स्वायत्त)

लंढौरा (हरिद्वार)

विषय:- दिनांक 24-July-2024 को बोर्ड ऑफ स्टडीज की मीटिंग कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उक्त विषय के सम्बन्ध में विनम्र निवेदन है कि पुस्तकालय विज्ञान विभाग बी. लिब. और एम. लिब. को बोर्ड ऑफ स्टडीज की एक मीटिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से कराना चाहते है।

अतः उपरोक्त सम्बन्धी अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

मीटिंग में उपस्थित होने वाले सदस्यों की सूची निम्न प्रकार है।

1. डॉ. अनिल कुमार धीमान
2. डॉ. इन्दु भारती नवानी
3. डॉ. पुनीता
4. श्रीमती निधि सैनी
5. श्री शिव अवतार

धन्यवाद

भवदीय

Kuldeep

डॉ. कुलदीप कुमार

असि० प्रोफेसर

पु० वि० विभाग

आवश्यक सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि पुस्तकालय विज्ञान विभाग द्वारा B.Lib और M.Lib की B.O.S की बैठक दिनांक 24-07-2026 को आयोजित होनी सुनिश्चित हुई है।
अतः आप सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि आप सुबह 10:00 बजे बैठक में उपस्थित होकर मार्गदर्शन करने का कष्ट करें।
बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी जो इस प्रकार है।

एजेण्डा बिन्दु =

1. सत्र 2026-27 हेतु B.Lib और M.Lib स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अन्तर्गत पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली का निर्धारण
2. कार्यालय आदेश दिनांक 15 जुलाई 2026 फोटोकापी संलग्न
3. सत्र 2026-27 के लिये श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय नई टिहरी द्वारा किये गये किसी भी संशोधन को स्वीकार करने पर विचार एवं निर्णय
4. अन्य विषय

Kuldeep

डॉ. कुलदीप कुमार
असि० प्रोफेसर
पुस्तकालय विज्ञान विभाग

दिनांक 24-07-2026

बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 17-11-25 को प्रातः 10:30 बजे बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक (पुस्तकालय विज्ञान विषय को) पुस्तकालय में आहुत की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. कुलदीप कुमार (अध्यक्ष) Kuldeep
2. डॉ. पुनीता (सदस्य)
3. डॉ. अनील कुमार धीमान (सदस्य) विषय विशेषज्ञ
4. डॉ. इन्दु भारती नवानी (सदस्य) विषय विशेषज्ञ
5. श्रीमति निधि सैनी (सदस्य)
6. श्री शिव अवतार (सदस्य) पूर्व छात्र

एजेंडे के बिन्दुओं के अनुसार निम्न प्रकार से कार्य करने की अनुशंसा की

1. श्री देव सुमन विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल के पाठ्यक्रमानुसार ही चमनलाल महाविद्यालय (स्वायत) लंढौरा की B.Lib & M.Lib. की कक्षाओं का वर्ष 2026-2027 के पाठ्यक्रम की समीक्षा की।

2. B.Lib प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया
   - प्रथम सेमेस्टर से इंटर्नशिप को हटाया गया।
   - इंटर्नशिप केवल द्वितीय सेमेस्टर में ही कराया जायेगा जो कि 50 अंकों का होगा लेकिन केवल क्वालीफाईंग प्रकृति का होगा।

3. DSC 205P, DSC 206P को 03 क्रेडिट से हटाकर 2-2 क्रेडिट का किया गया। SEC-1 एवं SEC-2 से केवल एक ही प्रश्नपत्र करना होगा।

इस प्रकार, यह द्वितीय सेमेस्टर 2-2 क्रेडिट का होगा।

4. दिनांक 17-11-25 की बैठक की कार्यवाही का अवलोकन किया गया। पिछली बैठक बिन्दु संख्या 3 B.Lib, M.Lib. के पाठ्यक्रम में संशोधन के लिए 2025-2026 में जो निर्णय हुआ था, उसे इस वर्ष लागू करने का प्रयास किया जायेगा।

पुनः आज की बैठक में कार्यालय आदेश 15-7-2026 के अनुसार, एजेण्डा बिन्दु सं० 4 तक विचार किया गया एवं इस सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिये गये।

- बिन्दु सं० 01 के अनुसार, मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्र को हल करने हेतु 2 घण्टे 30 मिनट में हल करने के सम्बन्ध में विचार करते हुए पूर्व की भांति 03 घण्टे का समय रहने दिया जाये।

- बिन्दु सं० 02 को स्वीकार किया गया।

- एजेण्डा बिन्दु सं. 03 के अनुसार चूंकि B.Lib. एवं M.Lib प्रोफेशनल कोर्स है, जिनके छात्रों को पुस्तकालय विज्ञान का विशेषज्ञ ही अर्थात अध्यापक ही छात्रों-छात्राओं की परफोर्मेंस का मूल्यांकन कर सकता है।
अतः पूर्व की व्यवस्था ही लागू रहनी चाहिए।

- एजेण्डा बिन्दु सं. 04 B.Lib एवं M.Lib पाठ्यक्रम से सम्बन्धित नहीं है।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेंडा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार-विमर्श किया एवं उक्त सभी एजेंडा बिन्दु संख्या 01 से 04 हेतु संस्तुति / सहमति प्रदान की।
समिति ने पुस्तकालय विज्ञान के पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया वर्तमान मे पाठ्यक्रम में आंशिक / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। जिस पर भविष्य मे विचार किया जाएगा।
अन्त मे संयोजक के द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण समिति के समस्त सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया गया, तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

(हस्ताक्षर) 24-7-2026
डॉ. कुलदीप कुमार

(हस्ताक्षर)
डॉ. अनिल कुमार ...

(हस्ताक्षर) 24/7/26
डॉ. इन्दु भारती नवानी

(हस्ताक्षर)
डॉ. पुनीता शर्मा

(हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)
शिव अवतार